# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम- भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 1910 / 14-48 / 70 दिनांक 01-6-26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– <u>दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 31.05.2026 को प्रकाशित खबर "लखीमपुर खीरी में करोड़ों की पानी टंकी चार साल से शोपीस बनी, 4000 लोग लगाए हैं चालू होने की आस" के सम्बन्ध में आख्या।</u>


महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 31.05.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड–बिजुआ **"लखीमपुर खीरी में करोड़ों की पानी टंकी चार साल से शोपीस बनी, 4000 लोग लगाए हैं चालू होने की आस"** के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1105 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बिजुआ की दरियाबाद पाइप पेयजल योजना से संबंधित है जिसका निर्माण कार्य एजेंसी मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर धनंजय सिंह द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए पाइप पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि योजना में आंशिक जलापूर्ति हो रही है व अवशेष भाग में पाइपलाइन ज्वाइंटिग का कार्य प्रगति पर है, अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए शीघ्र ही समस्त ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ की जाएगी। यह भी अवगत कराना है कि योजना को पूर्ण करने की लक्षित तिथि मार्च 2027 है।

फोटोग्राफ्स






सादर सूचनार्थ।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

पु0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण), उ0प्र0।
2- जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।
3- मो0 जमाल, डी0पी0एम0, मै0 एन0सी0सी0लि0 लखीमपुर खीरी को इस आशय के साथ प्रेषित कि खराब VFD को तत्काल बदलते हुए जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
4- गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।